## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोकल ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, 15 मिनट देरी से रवाना हुई ट्रेन

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे स्टेशन से बड़ी घटना सामने आयी है। दरअसल रायपुर-दुर्ग लोकल ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूत्रों की माने तो युवक चलती ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोकल ट्रेन को 15 मिनट देरी से रवाना किया गया।

### नक्सलियों ने स्लरी पाइपलाइन को किया क्षतिग्रस्त

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के गादीरास क्षेत्र के परिया इलाके में आर्सेलर मित्तल की स्लरी पाइपलाइन को नक्सलियों ने शनिवार को क्षतिग्रस्त कर दिया था। हालांकि स्लरी पाइपलाइन को नक्सली बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा पाए। स्लरी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से सप्लाई का काम प्रभावित हुआ है। कंपनी ने कड़ी सुरक्षा में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के सुधार के लिए टीम भेजकर स्लरी पाइप लाइन को आज दुरुस्त करवा दिया है। गौरतलब है कि आर्सेलर मित्तल कंपनी स्लरी पाइपलाइन में माध्यम से किरंदुल से विशाखापट्टनम तक लौह अयस्क की सप्लाई करती है। इसके लिए कंपनी ने 267 किमी लंबी स्लरी-वाटर पाइपलाइन बिछा रखी है।

### अपहृत किशोरी को किशोर के कब्जे से छुड़ाई गई

**कोरबा (आरएनएस)।** कोयलांचल के कुसमुण्डा थाना अंतर्गत सर्वमंगला चौकी क्षेत्र से अपहृत किशोरी को आज सुबह हसदेव नदी किनारे स्थित एक स्लम बस्ती से किशोर के कब्जे से छुड़ाकर एक ओर जहां विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है वहीं दूसरी ओर विधि से संघर्षरत किशोर को किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर उसे बाल संप्रेक्षण गृह रिस्दी भेजने की कार्रवाई पुलिस ने शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सर्वमंगला चौकी क्षेत्रांतर्गत एक बस्ती से 16 वर्षीय किशोरी विगत 21 नंवबर को सुबह अचानक लापता हो गई। इस बात की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो आसपास के रिश्ते के ठिकानों तथा गांव से सटी बस्तियों में स्थित किशोरी के सहेलियों के यहां पतासाजी परिजनों द्वारा की गई। जब उसके संबंध में 4 दिनों तक कोई जानकारी नहीं मिली तो उसके चाचा ने कुसमुण्डा थाने की सर्वमंगला चौकी पहुंचकर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद कुसमुण्डा थाने के अपराध क्रमांक 564/21 धारा 363 के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहृण का मामला दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी। बताया जाता है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कुसमुण्डा टीआई लीलाधर राठौर ने एसपी भोजराम पटेल, एएस पी अभिषेक वर्मा तथा दर्री सीएसपी सुलितेश सिंह को जानकारी देकर उनके मार्गदर्शन में अपने साथ सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी, प्रधान आरक्षक प्रकाश रजक, आरक्षक संतोष कंवर, रामविलास नगरसेना के सुखनंदन के साथ दबिश देकर हसदेव नदी किनारे स्थित एक स्लम बस्ती में स्थित खण्डहर नुमा झोपड़ी से किशोर व किशोरी को मुखबीर की सूचना पर बरामद कर लिया। अपहृता किशोर को किशोर न्याय बोर्ड पेश किया जा रहा है।

# डोंगामोहा मांइस क्षेत्र में लाइट्स और कॉपर वायर की चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## डेढ लाख से अधिक रूपये के एलईडी, हैलोजन लाइट व कॉपर वायर जब्त



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डोंगामौहा मांइस क्षेत्र से चोरी हो रहे एलईडी लाइट एवं कॉपर वायर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को तमनार पुलिस द्वारा सूचना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर आरोपियों से 1,60,000 रुपए के लाइट्स एवं कॉपर वायर बरामद किया गया है।

आज दिनांक 28/11/2021 को जेपीएल मांइस में कार्यरत सिक्योरिटी इंचार्ज विल्सन लकडा थाना तमनार आकर थाना प्रभारी निरीक्षक एल.पी. पटेल को बताया कि माइंस एरिया में लगे एलईडी लाइट्स, फिटिंग लाइट्स, हैलोजन लाइट और कॉपर वायर, जी.बी. बॉक्स को पिछले एक-दो सप्ताह से अज्ञात चोर चोरी कर ले जा रहे हैं। चोरी गये लाइट्स काफी कीमती है, सिक्योरिटी गार्ड होने के बावजूद इस प्रकार चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात चोरों की पतासाजी के लिए मुखबिरों एवं सूचना संकलन के लिए स्टाफ को निर्देशित किया गया। इसी बीच ग्राम लिबरा से मुखबिर द्वारा गांव के तीन लड़के बड़ी-बड़ी हैलोजन लाइट्स बिक्री के लिए कुछ लोगों से चर्चा करना बताया। थाना प्रभारी तत्काल ग्राम लिबरा जाकर मुखबिर द्वारा बताये गये संदेही भोजराम सिदार, शंकर राठिया, उमेश सिदार को हिरासत में लिया गया। संदेहियों से कड़ी पूछताछ में तीनों स्वीकार किये कि पिछले एक-दो सप्ताह से क्षेत्र में लाइट्स और कॉपर वायर चोरी कर रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर उनसे कीमती लाइट्स व कॉपर वायर करीब 160000 रुपए की बरामदगी की गई है। थाना प्रभारी को जानकारी मिली कि आरोपियों द्वारा विद्युत प्रभावित लाइन को भी बड़े खतरनाक तरीके से काट वायर चोरी करते थे, जिन्हें थाना प्रभारी कड़ी फटकार लगाये तथा रिपोर्टकर्ता सिक्योरिटी इंचार्ज विल्सन लकडा के रिपोर्ट पर दर्ज अपराध क्रमांक 365/2021 धारा 379 आईपीसी के अपराध में तीनों आरोपी आरोपी भोजराम सिदार 25 साल, शंकर राठिया 29 साल, उमेश सिदार 27 साल तीनों निवासी ग्राम लिबरा थाना तमनार को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एलपी पटेल के साथ आरक्षक अरविंद पटनायक की अहम भूमिका रही है।

# सहायक शिक्षक मनीष कुमार नेगी बने हमारे नायक

**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा तैयार की गई वेबसाइट सीजीस्कूल.इन ने रायगढ़ विकासखंड के संकुल ननसिया/ तरकेला के सहायक शिक्षक मनीष कुमार नेगी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पटेलपाली को हमारे नायक के रूप में चयनित किया गया। मनीष कुमार नेगी को यह सम्मान छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा चलाये जा रहे बस्ता विहीन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य कराने एवं बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने के लिए मिला मनीष नेगी ने आओ आओ शिक्षा का प्रकाश जलाएं, सभी का जीवन बेहतर बनाएं स्कूलों में भी अब व्यवसायिक शिक्षा को अपनाएं इस पंक्ति को इन्होंने चरितार्थ किया है इस कार्यक्रम के माध्यम से हारमोनियम बजाना सुर, ताल, लय, सिखाना तथा बांस के सामान बनाना रहा है। इस कार्यक्रम से बच्चों को पढ़ाई के अलावा व्यवसायिक शिक्षा का भी ज्ञान मिला जो भविष्य में व्यवसाय के रूप में उपयोग किया जा सके बच्चों के कार्यक्रम के अंतर्गत इनके मार्गदर्शन में हारमोनियम बजाना बांस के समान बनाना गुलदस्ता का पाट ट्रे फल रखने की टोकरी बिजली फिटिंग के बारे में जानना आदि व्यवसायिक ज्ञान शिखा मनीष नेगी के अनुसार शासन के बस्ता विहिन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के अलावा अन्य व्यवसायिक शिक्षा के बारे में बतलाया जाना जो भविष्य में उनके काम आवे यह कार्य शौक के साथ जीविकोपार्जन का साधन भी बन सकता है या बनाया जा सकता है रायगढ़ विकासखंड से बस्ता विहीन कार्यक्रम से हमारे नायक रूप में मनीष कुमार नेगी पहले शिक्षक हैं जिनका नाम हमारे नायक के रूप में चयन किया गया।

# कारेसरा पीएचसी के अंतर्गत 33 में से 30 गांवों में लगा शत् प्रतिशत टीका

**बेमेतरा (आरएनएस)।** जिले के साजा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कारेसरा सेक्टर में आने वाले 33 में से 30 गांव के ग्रामीणों को शत् प्रतिशत टीका लगाने में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज सफलता हासिल की है। यह सफलता टीके के प्रथम डोज को लगाने में मिली है7

वोटर लिस्ट के अनुसार इन 30 गाँव में 18 वर्ष आयु वर्ग की कुल संख्या 23036 है जिसमें से 19,189 को प्रथम डोज का टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है और 7,681 न द्वितीय डोजभी लिया है। योग्यता लिस्ट में से 2874 लोगपलायन कर बाहर हैं और 656 लोगोंकी मृत्यु हो चुकी है। तीन सौ सत्रह लोग टीकाकरण के लिए शारीरिक रुप से अक्षम पाए गए है।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह सफलता पाने में ब्हर-घर दस्तक' अभियान का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसमें लोगों को वैक्सीन लगवाने के फायदे बताए गए। कैंप लगाकर पूरे गांव में वैक्सीनेशन कराया गया। कई गांव के ग्रामीण व बुजुर्ग शुरुआती दौर में ग्रामीण वैक्सीन लगवाने से परहेज कर रहे थे जिसके बाद यहां के जनप्रतिनिधियों ने पंचायत के कर्मचारी व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ग्रामीणों द्वारा टीकाकरण न कराने का कारण जानने का प्रयास कर शंकाओं का समाधान किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कारेसरा के अंतर्गत आने वाले सभी 33 गावों के संस्था प्रभारी डॉक्टर रवि कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में कोरोना टीकाकरण महाभियान अंतर्गत घर- घर सर्वे कर टीकाकरण के लिए छूटे हितग्राहियों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा है।

# मारपीट मामले के फरार दो आरोपियों को आर्म्स एक्ट में भेजा गया जेल



**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा मारपीट मामले में फरार दो आरोपियों को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से एक तलवार की जप्ती की गई है, मामले में आर्म्स एक्ट की धारा जोड़कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है, जहां से आरोपियों को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

दिनांक 04/09/2021 को थाना कोतवाली में रेल्वे कालोनी में रहने वाली श्रीमती पुष्पलता चौहान द्वारा दिनांक 04/09/2021 के शाम विशाल ठाकुर, आदित्य श्रीवास और उसके साथ दो महिलाएं घर आकर गाली गलौच कर मारपीट करना बताई थी। रिपोर्टकर्ता श्रीमती पुष्पलता द्वारा आरोपी विशाल ठाकुर को तलवार लेकर आना बताया गया था। थाना कोतवाली में आरोपीगण के विरूद्ध मारपीट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। तब से आरोपीगण फरार थे, थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों की पतासाजी के लिए मुखबिर लगाकर रखे थे जिनमें दो आरोपी विशाल ठाकुर एवं आदित्य श्रीवास के कल दोपहर घर आसपास देखे जाने की सूचना पर थाने से स्टाफ उनके घर दबिश देकर गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। आरोपी 1- विशाल सिंह ठाकुर उर्फ बाबू पिता स्वर्गीय रणधीर सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ 2- आदित्य श्रीवास पिता प्रहलाद सिदार उम्र 30 वर्ष निवासी कलमीडिपा ईलामाल के पीछे थाना कोतरारोड रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विशाल ठाकुर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का तलवार जप्त किया गया है। प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया, जहां से जेल वारंट पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। मामले के दो आरोपिया फरार हैं , जिनकी पतासाजी की जा रही है।

# गैरेज दुकानों के आसपास कलपुर्जों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### » गैरेज संचालकों द्वारा की गई कबाड़ चोरी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



**रायगढ़।** दिनांक 27/11/2021 को गैरेज संचालकों द्वारा कुछ दिनों से कबाड़ चोरी होने की शिकायत एडिशनल एसपी लखन पटले से मिलकर किया गया था। एएसपी पटले द्वारा गैरेज संचालकों को ऐसे कबाड चोरों पर प्रभावी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया साथ ही एडिशनल एसपी द्वारा नगर कोतवाल मनीष नागर को क्षेत्र में मुखबिर एवं स्टाफ लगाकर ऐसे कबाड चोर पर कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर लगाकर क्षेत्र में कबाड़ चोरी में सक्रिय आरोपी को पकड़ा गया है।

चोरी के संबंध में ट्रक मिस्त्री का काम करने वाले वाले मो. शमीम पिता मो. निजाम उम्र 32 साल निवासी दिनदयाल कालोनी रायगढ द्वारा दिनांक 27-11-21 को थाना कोतवाली आकर बताया गया कि इसकी उर्दना सूरज रोलिंग मिल के सामने गैरेज से दिनांक 26-27/11/2021 की दरमियानी रात दुकान के सामने रखा हुआ ट्रक सामान कछुआ को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। आसपास दुकान वाले उर्दना डीपापारा के मुकेश मुचाकी को रात में घूमते देखना बताये हैं। चोरी के संदेह पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा स्टाफ के साथ उर्दना डिपापारा जाकर संदेही को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर उसने चोरी कबूल किया। आरोपी मुकेश मुचाकी पिता सोमड़ा मुचाकी उम्र 21 साल निवासी उर्दना डिपापारा थाना कोतवाली से चोरी का सामान कीमती ?40,000 बरामद कर चोरी में प्रयुक्त मोटर सायकल डीलक्स सीजी 14 एक्स 8052 को जप्त किया गया है। आरोपी को थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 1644/2021 धारा 379 भादवि में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा व आरक्षक उत्तम सारथी की अहम भूमिका रही है।

# बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने शिक्षकों के ट्रेनिंग में

### » योगा और फिटनेस की क्लास एससीईआरटी में प्रारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का जन्म होता है इस उद्देश्य को लेकर एससीआरटी द्वारा शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुबह योगा व फिटनेस क्लास प्रारंभ किया गया है। इसके लिए परिसर स्थित हॉस्टल में योग एवं फिटनेस के प्रशिक्षक की भी व्यवस्था की गई है

स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव व एससीआरटी डायरेक्टर राजेश सिंह राणा ने बताया कि अब एससीईआरटी में शिक्षा गुणवत्ता हेतु शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बीते करोना काल के अनुभव को देखते हुए अब शिक्षकों को फिट रखने का प्रयास किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक योग और फिटनेस की कक्षा लगाई जाएगी। जब शिक्षक फिट रहेंगे तो वह प्रशिक्षण में सीख कर अपने स्कूल के बच्चों को भी फिट रखेंगे। राणा ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता के साथ शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाना है। अभी एससीईआरटी के आवासीय परिसर में इसे प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम शीघ्र ही प्रदेश के 19 जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शिक्षकों के प्रशिक्षण में योगा फिटनेस क्लास को अनिवार्य कर दिया गया है। इसकी मॉनिटरिंग के लिए एससीईआरटी डायरेक्टर राजेश सिंह राणा ने आज सुबह योगा एवं फिटनेस क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत की। उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उनके साथ उप संचालक उमेश कुमार साहू, सहायक संचालक प्रशांत कुमार पांडेय, योग प्रभारी ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, प्रकोष्ठ प्रभारी डेकेश्वर वर्मा सहित आवासीय प्रशिक्षण में आए प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# दो एकड़ से बढ़ाकर 10 एकड़ में की सब्जी की खेती, अभी तक कमाए लगभग पांच लाख रूपए

### » चैनपुर के भुनेश्वर सिंह ने धान छोड़ सब्जी की खेती से लिया दोगुने से ज्यादा लाभ



**कोरबा (आरएनएस)।** धान की खेती छोड़ सब्जी की खेती से चैनपुर गांव के किसान भुनेश्वर सिंह ने दोगुना से ज्यादा लाभ कमाया है। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने और बारह महीने रोजगार के साधन के रूप में विकसित करने का यह सबसे अच्छा उदाहरण बन गया है। कोरबा जिले के करतला विकासखण्ड के चैनपुर गांव के किसान भुनेश्वर सिंह ने अब अपनी सब्जी की खेती का रकबा दो एकड़ से बढ़ाकर 10 एकड़ कर लिया है और पिछले आठ-नौ महीने में ही उन्होंने पांच लाख रूपए से अधिक कमा लिये हैं। खुद भुनेश्वर बताते हैं कि अभी भी खेत में सब्जी लगी है और रबी का मौसम खत्म होते तक चार से पांच लाख रूपए की और आय होने की संभावना है। आमदनी बढ़ने से भुनेश्वर सिंह और उनके परिवार का जीवन स्तर भी सुधर गया है।

भुनेश्वर सिंह के पास कुल 10 एकड़ खेत है। माली हालत ठीक नहीं होने के कारण वे पहले परंपरागत रूप से ही इस भूमि के कुछ हिस्से में धान की खेती करते थे। धान का उत्पादन कम होने के कारण उन्हें इससे कुछ खास फायदा नहीं हो पा रहा था। भुनेश्वर सिंह बताते हैं कि उद्यान विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन, तकनीकी सलाह और प्रोत्साहन से उन्होंने शुरू में दो एकड़ रकबे में सब्जी की खेती की। शासकीय योजनाओं के तहत उन्हें बरबट्टी, फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, करेला, भिण्डी जैसी सब्जियों के बीज मिनी किट मिले। डीएमएफ और अन्य शासकीय योजनाओं के समन्वय से खेत पर फेंसिंग, मल्चिंग और पॉवर स्प्रेयर भी उन्हें दिलाया गया। दो एकड़ में सब्जी की खेती से भुनेश्वर को धान की खेती से ज्यादा फायदा हुआ। इसने भुनेश्वर को सब्जी की खेती की तरफ मोड़ दिया। भुनेश्वर ने धान की खेती छोड़कर 10 एकड़ खेत में सब्जी लगाना शुरू किया। फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, करेला, लौकी, बरबट्टी, भिण्डी, खीरा की खेती समयानुसार करके भुनेश्वर ने इसे स्थानीय बाजार में बेचा। सब्जी के थोक व्यापारी खेत से ही भुनेश्वर के द्वारा उगाई सब्जियों को अच्छे दामों पर उठा रहे हैं। पिछले साल भुनेश्वर ने सब्जी की खेती से दो लाख रूपए कमाए थे। इस साल 10 एकड़ में सब्जी की खेती की है समयानुसार एक सब्जी की फसल खत्म होने पर दूसरी फसल लगा देते हैं। अभी तक भुनेश्वर ने आठ-नौ महीने में ही सब्जी बेचकर पांच लाख रूपए से अधिक कमा लिए हैं। भुनेश्वर बताते हैं कि खेतों में लगी रबी मौसम की सब्जी से भी लगभग चार से पांच लाख रूपए की आय हो जाएगी।

# चोरी, बलवा व आबकारी के फरार 9 वारंटी गिरफ्तार

### » खरसिया पुलिस फरार वारंटियों पर चला रही अभियान



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी निमिषा पांडे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सुमंत राम साहू द्वारा फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 28/11/2021 को फरार 9 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि सभी वारंटियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर उन्हें जेल दाखिल किया गया है।

इन वारंटियों पर हुई कार्यवाही-

1- धरमलाल पिता भरत पटेल निवासी बसनाझर 2- भरत पटेल पिता रामप्रसाद निवासी बसनाझर 3- बकला पिता भरत पटेल प्रकरण क्रमांक 1610/2009 चोरी, बलवा, मारपीट के आरोपीगण 4- भूषण यादव पिता धनीराम यादव निवासी पलगड़ा 5-नरेंद्र यादव पिता सुरीत राम यादव निवासी पलगड़ा 6- सुकांति यादव पति फूल सिंह 7-फूल सिंह पिता साधूराम प्रकरण क्रमांक 805/2018 बलवा, मारपीट के आरोपीगण 8- विमला बाई पति मुकुलचरण निवासी तुरी बरगढ़ प्रकरण क्रमांक 33/2018 आबकारी एक्ट की आरोपिया 9- सोहन लाल भारदद्वाज पिता नेतराम भारद्वाज छोटे डूमरपाली प्रकरण क्रमांक 644/2018 आबकारी एक्ट का आरोपी। न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होने वालों पर माननीय न्यायालय द्वारा वारंट जारी कर समय पर तामिली किए जाने के दिशा निर्देशों पर खरसिया पुलिस द्वारा लगातार कार्वाही कर वारंटियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है, कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480